दैनिक
प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 310 मुरादाबाद, 12 March 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

उपराष्ट्रपति बोले- लोकसभा के बारे में झूठी अफवाह को कैसे करें बर्दाश्त, सोचो छाती पर कितना सांप लोटता होगा

मेरठ में धन सिंह कोतवाल पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में पहुंचे उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने ठान लिया है कि देश की प्रतिष्ठा को कुंठित, धूमिल करना है। उनमें से एक को आंखों के सामने देखा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में आज तक माइक बंद नहीं हुआ। कोई बाहर जाकर कहता है कि माइक बंद किया जाता है। यह कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं। सोचो छाती पर कितना सांप लोटता होगा। वहीं उन्होंने कहा कि सदन में अपने मन की बात खुलकर रखें। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में मेरा यह औपचारिक रूप से पहला आगमन है। उन्होंने कहा कि यह आगमन जीवन में हमेशा यादगार रहेगा। जगदीप ने कहा कि धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा का अनावरण करूं, इतनी मेरी हैसियत नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो साचा नहीं था, वह अब मुमकिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोतवाल का कार्य क्षेत्र बहुत लंबा था। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ लोग लोकसभा के बारे में झूठी अफवाह फैला रहे हैं। इसे कैसे बर्दाश करें, सोचो छाती पर कितना सांप लोटता होगा। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे मन में एक नाराजगी है कि हम शहीदों को क्यों भूल गए। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में इनका जिक्र सही ढंग से क्यों नहीं किया गया। कहा कि आज पूरा विश्व भारत का लोहा मान रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व देखता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्या बोलेंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये से एक बहुत बड़ा ऑडिटोरियम बन रहा है। अगली बार मेरठ आऊंगा तो यह टेंट लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जो सोचा नहीं था, वह आज आंखों के सामने पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज जो सुनने को मिल रहा है, वह मन को प्रशन्न करता है। कहा कि विकास की गंगा इसी राज्य में बह रही है। लॉ ऑर्डर के मामले में उत्तर प्रदेश आज उत्तम प्रदेश है। उन्होंने कहा कि जब हालात दूसरे थे, पुलिसकर्मियों को डराया जाता था। लेकिन आज हालात अलग है, पुलिसकर्मी बिना किसी दबाव के काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मैं मेरठ से पॉजिविटी लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि जो भी उत्तर प्रदेश में रह रहा है, वह बहुत गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत विश्वगुरु होगा।

कांग्रेस के रास्ते पर चल रही भाजपा', ED-CBI की कार्रवाई पर बोले अखिलेश यादव

अहमदाबाद-सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर आज जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के देश में बुलडोजर ने अहिंसा का मार्ग अख्तियार कर लिया है। विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई की छापेमारी पर तंज कसते हुए सपा नेता ने कहा कि छापेमारी की परंपरा कांग्रेस ने शुरू की थी, लेकिन अब भाजपा उसी रास्ते पर चल रही है।

सरकार के दबाव में काम कर रही एजेंसियां

सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि सभी स्वतंत्र एजेंसिया अब केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। अखिलेश ने कहा कि सीबीआई, ईडी और आईटी सरकार के इशारे पर काम करती हैं और विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही हैं।

ED की बताई नई फुल फॉर्म

अखिलेश यादव ने आगे ईडी की नई फुल फॉर्म भी बताई। अखिलेश ने कहा कि ईडी का अब मतलब एग्जामिनेशन इन डेमोक्रेसी हो गया है और आपको इस परीक्षा से गुजरना ही होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस के रास्ते पर चल रही है और उसके पास कोई नया काम करने को नहीं बचा है।

CM योगी करेंगे उद्घाटन- स्टील प्लांट देगा हजारों परिवारों को संजीवनी, 550 करोड़ रुपये का हुआ है निवेश

गीडा सीईओ पवन अग्रवाल ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में जो भी प्रस्ताव मिले हैं, उनको धरातल पर उतारने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। गीडा में लैंड बैंक की कोई दिक्कत नहीं है। पर्याप्त लैंड बैंक गीडा के पास इस वक्त मौजूद है। नियमानुसार सभी उद्यमियों को जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है। छह साल पहले तक जिस गीडा में निवेश करने से निवेशक कतराते थे, बदले माहौल में वहां बड़ी इंडस्ट्री लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन करेंगे। प्लांट के पूरी क्षमता से संचालित होने के बाद दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और पांच हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिलेगा। गीडा की तरफ से एएल-2 सेक्टर-23 में आवंटित 82 एकड़ क्षेत्रफल में फैले और 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले इस प्लांट की स्थापना का कार्य 2020 में शुरू हुआ था। इसमें टीएमएक्स (थरमैक्स पॉवर्ड) सरिया का उत्पादन शुरू हो चुका है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता तीन लाख टन प्रति वर्ष की है। यहां 30 मेगावाट बिजली भी पैदा होगी। अंकुर उद्योग लिमिटेड ने प्लांट के विस्तार के लिए 700 करोड़ रुपये के निवेश का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैडिंग (एमओयू) भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में किया है। कंपनी ने डेढ़ किलोमीटर ट्रैक की लंबाई में प्राइवेट रेलवे साइडिंग विकसित किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से कच्चा माल मंगाने के लिए फैक्ट्री परिसर में 700 मीटर की लंबाई में अनलोडिंग प्लेटफार्म भी बनाया गया है। यहां टीएमएक्स बार का उत्पादन हो रहा है, जो टीएमटी का बदला हुआ और बेहतर रूप है।

विपक्षी दलों की ओर से PM मोदी को भेजे पत्र से खुद को अलग करने पर बोले CM नीतीश- छोटे-मोटे चीज के लिए कहां जाएं

पटना- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को इस चर्चा को सिरे से खारिज कर दिया कि वह गठबंधन बदलने जा रहे। राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम से लौटने के क्रम मे पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि गठबंधन बदलने की बात कही जा रही है तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने उल्टे सवाल करते हुए कहा कि कहां से सुन लेते हैं इस तरह की बात? चिंता मत कीजिए।विपक्ष की एकजुटता से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो सभी के हित में यही चाह रहे। हमारी अपनी कोई ख्वाहिश नहीं है। कांग्रेस से हमने बराबर अपील की है। हाल में भी दो बार कहा है। हम तो इंतजार कर रहे है। बाकी लोग भी सकारात्मक बोल रहे हैं। जो फाइनल करेंगे, उसके बाद ही कुछ होगा।

नीतीश बोले- हम काम में व्यस्त रहते हैं

विपक्ष के नौ दलों द्वारा केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग के बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाने के मामले में जदयू के अलग रहने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो रात-दिन काम करते रहते हैं। अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग काम करती रहती हैं। हम तो काम में सक्रिय रहते हैं। व्यस्त रहते हैं। हमारी इच्छा यह है कि ज्यादा से ज्यादा दल एकजुट हो जाएं। एक राउंड हमने बात कर ली है। यदा-कदा बात होती रहती है। जब होगा तो जाएंगे। छोटे-मोटे चीज के लिए कहां जाने की जरूरत है।

जाने की जरूरत होगी तो जाएंगे- नीतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस पार्टी को जैसा लगता है, वह काम करती रहती हैं। मेरा अभी वहां जाना कोई आवश्यक नहीं है। जब सब कुछ हो जाएगा तो हमारे जाने की जरूरत होगी तो जाएंगे। बिहार में तो सात दल मिलकर काम कर रहे हैं। यहां कोई दिक्कत नहीं है।

छत्तीसगढ़ से पहुंची टीम से मिले सीएम

बिहार मे शराबबंदी मॉडल के अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ से आई टीम के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि टीम से बहुत अच्छे ढंग से बात हुई है। हमने उन्हें 2018 के सर्वे के बारे में बताया कि शराबबंदी लागू होने के बाद 1.64 करोड़ लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। इसके बाद जब हाल में सर्वे कराया तो यह बात सामने आई कि 1.82 करोड़ लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। बिहार में 99 प्रतिशत महिलाएं शराबबंदी के पक्ष में हैं। वहीं, 92-93 प्रतिशत पुरुष शराबबंदी का समर्थन करते हैं।

जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश: साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, हौसले नहीं तोड़ सकते

मनीष सिसोदिया ने होली वाली शाम को भी अपने ट्विटर से एक ट्वीट किया था जिस पर भाजपा ने सवाल उठाया था कि आखिर सिसोदिया ने ट्वीट कैसे किया, क्या जेल में उनके पास मोबाइल है। कथित आबकारी घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से आज एक बार फिर ट्वीट हुआ है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए कुछ बातें कहीं हैं, हालांकि ट्वीट में साहेब शब्द का उपयोग किया गया है। सिसोदिया के अकाउंट से ट्वीट किया हुआ है, %साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजो ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। - जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश%। मनीष सिसोदिया ने होली वाली शाम को भी अपने ट्विटर से एक ट्वीट किया था जिस पर भाजपा ने सवाल उठाया था कि आखिर सिसोदिया ने ट्वीट कैसे किया, क्या जेल में उनके पास मोबाइल है।

सिसोदिया ने लिखी थी जेल से चिट्ठी

तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को देश के नाम खुला पत्र लिखा। भाजपा की केंद्र सरकार पर षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए सिसोदिया ने लिखा कि भाजपा लोगों को जेल में डालने की राजनीति कर रही है। हम बच्चों को पढ़ाने की राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का गुनाह इतना है कि प्रधानमंत्री के समक्ष वैकल्पिक राजनीति खड़ी कर दी, इसलिए केजरीवाल सरकार के दो मंत्री फिलहाल जेल में हैं। जेल की राजनीति भले ही सफल होते दिख रही है, लेकिन भारत का भविष्य स्कूल की राजनीति में है। अगर पूरे देश की राजनीति तन-मन-धन से शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने के काम में जुट गई होती तो देश में हर बच्चे के लिए विकसित देशों की तरह अच्छे स्कूल बन गए होते। सिसोदिया ने पत्र में लिखा है कि जेल के अंदर से देख पा रहा हूं कि जब राजनीति में सफलता जेल चलाने से मिल जा रही है तो स्कूल चलाने की राजनीति की भला कोई जरूरत क्यों महसूस करेगा। सत्ता के खिलाफ उठने वाली आवाज को जेल भेजना बच्चों के लिए अच्छे स्कूल-कॉलेज खोलने से कहीं ज्यादा आसान है। एक बार शिक्षा की राजनीति राष्ट्रीय फलक पर आ गई तो जेल की राजनीति हाशिए पर ही नहीं, बल्कि जेल भी बंद होने लगेंगी।

जेल की राजनीति से नेता तो शिक्षा से देश बन रहा है ताकतवर

सिसोदिया ने पत्र में लिखा है कि तस्वीर एकदम साफ दिख रही है। जेल की राजनीति सत्ता में बैठे नेता को और बड़ा व ताकतवर बना रही है। शिक्षा की राजनीति के साथ समस्या यही है कि यह नेता को नहीं देश को बड़ा बनाती है। जब शिक्षा लेकर देश के कमजोर से कमजोर परिवार का बच्चा भी मजबूत नागरिक बनता है तो देश ताकतवर बनता है। देश साफ-साफ देख रहा है कि कौन खुद को बड़ा बनाने की राजनीति कर रहा है और कौन देश को बड़ा बनाने की राजनीति कर रहा है।

स्वाति मालीवाल का खुलासा, बचपन में पिता ने किया यौन उत्पीड़न; पिटाई से बचने के लिए बेड के नीचे छिपती थी

नई दिल्ली- दिल्ली महिला आयोग (DCW) की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने सनसनीखेज खुलासा किया है। आरोप लगाया कि उनका बचपन में उनके पिता ने कई बार यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने कहा कि वो मुझे पीटते थे और मैं बचने के लिए बेड के नीचे छिप जाती थी। स्वाति मालीवाल ने अपने अनुभव को व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि उनके पिता ने बचपन में उनका यौन उत्पीड़न किया था।

जापानी युवती के साथ बदसलूकी का मामला

जापानी युवती के साथ होली पर रंग लगाने के दौरान बदसलूकी के मामले में स्वाति मालीवाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें कुछ युवक एक जापानी महिला को होली का रंग लगा रहे थे। वह काफी असहज महसूस

कर रही थी। आरोप लगाया कि युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। वह मदद के लिए चिल्ला रही थी, लेकिन आरोपी युवक रुके नहीं। दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर युवकों पर कार्रवाई की मांग की है। उन लोगों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजने को कहा है।

स्वाति मालीवाल को हाई कोर्ट से राहत

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने राहत प्रदान कर दी। नियुक्तियों में अनियमितता के मामले में आरोप तय किए जाने के खिलाफ मालीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि इस मामले में आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अनिवार्य घटक शामिल नहीं हैं। साथ ही इसे लेकर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से स्थिति रिपोर्ट तलब की है। जवाब देने के लिए उसे छह सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को तय की है।

संपादकीय Editorial

New plots of development

In the next round of infrastructure construction, Himachal's background needed futuristic dreams and in this context, the priorities of the Sukhu government would be seen and understood. A lot has been said, but ever since the meeting of directions of the state is choosing the bridge of complete infrastructure and connectivity, since then geographical expectations are being seen in the balance of the state. After four-laning projects like Parwanoo-Shimla and Kiratpur-Manali, now the mention is being made of four-lane projects like Shimla-Mataur and Pathankot-Mandi, so this is the most important density of the state on the basis of population and the importance of such an ambition crossing from within it is beyond any doubt. Also increases the credibility of the government. The pleasant aspect is that Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu opens the doors of historical heritage and covers the context by including Kangra in himself, while earlier leaders created not only satraps by dividing Kangra into pieces in the arithmetic of politics, but also institutions like Central University. The importance of was also divided into pieces. However, on the soil of two forelane projects, such dreams have started decorating, which are resolving to limit the distance of Shimla and solve the need of tourism. In such a situation, it can define the personality of the Chief Minister like an opportunity. More or less every Chief Minister in the state has associated beautiful meaning of development with his name. There have been Chief Ministers from water to roads here, so will Sukhu be successful as the creator of future infrastructure on the next flight of development. If his determination to find the capital of tourism in Kangra can also strengthen connectivity, then more than half of the work will be completed. In this view, the expansion of Kangra airport is measuring the height of his intentions. Along with expansion of forelane and airport, the concept of Ranital-Bilaspur rail line will strengthen the economy of the whole scenario. The proposed 100 kilometer long rail line would indeed prove to be such a project, which would be close to the heart of Himachal. So far Himachal has been looking at its rail expansion with Nangal-Talwara connectivity or connecting itself with the dream of Leh rail. Readers would remember that we had repeatedly advised to divert the Una train towards Jwalaji and later to extend it towards Bilaspur, Kangra and Mandi. In fact, all the possibilities of rail expansion in Himachal Pradesh are either related to apple transportation and cement industry or religious tourism. If Ranital to Bilaspur and later from Amb-Andaura to Jwalaji Mandir is connected by rail line, the potential of major religious places of Himachal will improve. Looking at the economic point of view of railway expansion, the proposal of Ranital-Bilaspur is touching the heart of Himachal for the first time. Let us reiterate and it has been our belief from the beginning that Hamirpur will be the center point of Himachal's roads, connecting Una to Jwalaji for rail expansion and Kangra airport will prove to be an important stop for air services. Along with this, if the potential of Kol Dam, Govind Sagar and Pong Dam is seen from the point of view of water transport, then many untouched attractions and economic possibilities will emerge. it would be an important step to close unnecessary offices and when the Sukhu government will be able to do this, its qualitative effect will also be seen. If the Sukhu government is able to develop necessary infrastructure up to the village level to make the state a true tourism state, it will revolutionarily enrich this industry. Rising above politics, every corner should be included in the totality of the state's development and from this point of view, a resolution for future infrastructure will have to be prepared.

Justice: Human Rights Commission is a ray of hope for the hopeless

In its journey of three decades, the Human Rights Commission has taken suo moto cognizance and protected the human rights of such people, who are not heard anywhere. People seeking justice in adverse circumstances, when they see the hand of a pillar behind them, who has become an ally in the fight for their interest, then a light comes in their dark life, and they re-realize their existence with hope. start doing The National Human Rights Commission of India is with the people of the country by taking such initiative in this direction since 1993, for which the Commission should be praised. The National Human Rights Commission was established in 1993 and on June 24, 1993, the Commission took suo moto cognizance of Jamal Afghani's case. In those days the chairman of the commission was Justice Ranganath Mishra. He was the first chairman of the commission. The Human Rights Commission has taken suo motu cognizance of 2,685 cases since 1993, which is an exemplary number. In the year 2023 itself, the number of suo motu cases from the Commission is 25. Common people, newspapers, reporters, TV and other important people are involved in bringing all these matters to notice. But whether the news is circulated or published, or a letter is written or a report is made, it does not make any difference. Whether the Commission accepted it or the Commission automatically made those subjects a part of its mind from sources, this is a very important thing. This shows the activism of the Human Rights Commission. So far, the number of cases that have come before the commission is 21 lakh 85 thousand 76, out of which 21 lakh 71 thousand 690 have been disposed of. The commission is undoubtedly playing a big role. Even if people question what the commission does! Babasaheb Dr. Bhimrao Ambedkar had expected the autonomous institutions nurtured by the Constitution to strengthen the concept of social justice by faithfully discharging their responsibilities. Undoubtedly, the Human Rights Commission has moved ahead in this direction and respected the Constitution and has created a place for everyone with its initiative like self cognizance. Presently its Chairman Justice Arun Kumar Mishra is enhancing the prestige of the Commission by leading it along with his two Hon'ble Member Colleagues Dr. Dnyaneshwar Manohar Mulay and Rajeev Jain. In the case of self-cognition, the intention of the Commission is clearly visible that it is deeply connected to human sensibilities. It is just the beginning of 2023, and the Commission's initiative to bring 25 suo motu cases to justice indeed fills us with hope. It would not be an exaggeration if the people of India see such an initiative as their shield. There is a long tradition of such self-cognition in the world in the judicial system. In recent times, be it the Rohingya case or the issue of restrictions on women in Afghanistan, or even the casualties of the Ukraine war, the Office of the United Nations High Commissioner for Human Rights has taken suo moto cognizance several times, and with the help of its Special Envoy Tried to take many such initiatives through medium. If such cases are not dealt with on their own, then humanity will be forced to live in pain. Therefore, the positive and active role played by the National Human Rights Commission in India in this direction is lighting the lamp of hope in the lives of the disheartened people. Why should only the Commission be aware, it is also the responsibility of the society to bring such matters to the notice of the Commission, so that people can get justice. When the NHRCs established in many countries of the world are not able to give much results, and there is a continuation of human rights abuses in them, at such a time, undoubtedly, in the great journey of India's 75-year-old democracy, the NHRC has so far Matters of cognizance assure justice. The author has been the Officer on Special Duty to late former President Pranab Mukherjee

Goodbye Satish Kaushik: Behind the cheerful face resided an emotional person

The last time I met him was under the office of producer Jayanti Lal Gada. He was sitting in a car which was gifted to Gada by his son. He met with the same warmth. After that we never met. May you find peace wherever you are. Actor, director Satish Kaushik is no more with us. He was 66 years old. He has gone from our midst, I cannot believe it. Always full of enthusiasm and making others laugh. My memories of Satish go back a long time. It is about the year 1982. I had then become an assistant to the famous director Shyam Benegal. My first film as an assistant director was Mandi. The shooting of this film was to go on continuously for two months in a small town near Hyderabad. The entire film unit left for their destination in a second class bogie of the train, which was reserved for us only. I did not recognize any of the passengers who were with me. Till then I had never interacted with anyone I didn't like or didn't get along with. Call it my stupidity, I was assuming that everyone would like me and my track with everyone. Will sit easily. Before leaving for the journey, mother had packed a lot of homemade sweets with my luggage so that her beloved would never go hungry. When the train started moving, my mind also started moving. I started thinking that I meet everyone, introduce myself and the excuse I found for this was to distribute homemade sweets among them as my own. But, the matter did not accumulate much. The sweetness of my affinity could not make the syrup of relationships. However, two people turned out to be exceptions in this whole circle. These were Satish Kaushik and Ila Arun. I can never forget the warmth and affection of these two. In a way, without expressing it, I got such assurance that my journey would pass smoothly. However, many such things happened in this journey which even if I want to forget, I cannot forget. When the shooting started, the atmosphere got worse. Only the women knew what roles they had to play. Shyam Babu had not told anything about this to the men. The result was that everyone started trying to impress him. The opportunity to eat would have turned into a court and Shyam Babu would have become 'Maharaja'. And, like courtiers, all the male artists would get involved in her presence. In a way, a different spectacle would go on. Someone sang a song, someone copied someone. One recited poetry as well, but I liked Satish Kaushik the most. Satish was an amazing artist - he copied the train. He recounted our entire journey from beginning to end, making a characteristic patak sound. It was very original and innovative too. However, all this could not translate into their characters and the mouths of these actors kept getting bigger and bigger day by day. On the other hand, Satish Kaushik had kidney problem and returned from there without shooting for a single day. But, Satish Kaushik's artwork had left its mark in Shyam Babu's mind. He gave Satish the role of a sycophantic government officer in his film 'Susman'. Satish was a wonderful artist. I got to know him a little more closely in those days and also came to know that a very serious but emotional person is hidden inside this person who always makes others laugh. The last time I met him was under the office of producer Jayanti Lal Gada. He was sitting in a car which was gifted to Gada by his son. He met with the same warmth. And, after that we never met. May you rest in peace, Satish. You will always be greatly missed.

Why should regional parties dance at the behest of big parties?

In the current politics, big parties started forming their side and opposition. To weaken the vote bank of the rival party, they field even a small party. Small and medium political parties in the country have proved their importance in a democracy for some time now. The results of assembly elections held in a few decades are proof. It is clear from these that when the established national parties do not live up to the expectations of the voters, then the people do not hesitate to give opportunity to the local leadership as well. It is a different matter that even the newly emerged political parties have not been very successful from the point of view of following democratic traditions. Organizational elections in small parties are not held on time and their founder-president Sari Omar remains the party's Chowdhary. He wants that not even a leaf should move in the party without his permission. When he is no more, his family inherits the organisation, the power. In these situations, democratic duty and voter service are sidelined. The irony is that his forefathers, who formed the party, handed over their legacy to him, but did not train him about the republic. This is also one of the reasons for the growth of authoritarian thinking in the new generation. Despite this, it has to be admitted that the way the flowers of every religion, caste-tribe and ideology smell in the bouquet of a healthy democracy, in the same way there is a lot of potential for new political parties to flourish and develop. The question is, have these regional parties done justice to their roles? On the practical ground, the answer is a bit disappointing. To understand this, one has to go back about three decades, when there was a period of political instability in India. Voters were getting frustrated with the functioning of big parties and they had made up their mind to allow new satraps to enter politics. Be it Bahujan Samaj Party or Samajwadi Party, Trinamool Congress or Nationalist Congress Party, Rashtriya Janata Dal or Janata Dal United, Telugu Desam Party of South India or YSR Congress or Telangana Rashtra Samithi. Some other political parties born in this period can also be put in this line. All these medium parties started in the best way, but later their internal democracy got derailed. They became the representative parties of their respective states, but could not increase their size by going beyond the boundaries of the state. They either joined an alliance or a rival alliance. This was the same period when coalition governments started in Indian politics. By this time, the ideological base in politics had begun to weaken and politics had started taking the shape of an industry. That's why neither the national parties could remain free from the interference of the capital, nor the regional parties could save themselves. If the artisans of these parties used to do the work of laying carpets and installing loudspeakers as a worker in national parties, now they were playing the same role as allies of big parties. The only difference was that now his personal political shop had started running. In the current politics, big parties started creating their own side and their own opposition. They want that a small party should be formed to weaken the vote bank of the rival party, so that the vote bank of the opposite party will be shattered.

ड्योढ़ी पर सांकल की आहट नहीं रही, घूंघट उतर गया, शर्माहट नहीं रही

मुरादाबाद- रचनाकार डॉ. अजय अनुपम के ताजा मुक्तक संग्रह ओवेराम का लोकार्पण शनिवार को हिंदी साहित्य सदन के तत्वावधान में श्रीराम विहार कालोनी स्थित विश्रांति भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कवयित्री डॉ. पूनम बंसल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।डॉ. अजय अनुपम ने मुक्तक ने सुनाया कि ड्योढ़ी पर सांकल की आहट नहीं रही, घूंघट उतर गया, शर्माहट नहीं रही। हाय-हलो पर सिमट गई दुनियादारी, रिश्तों के भीतर गर्माहट नहीं रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यश भारती डॉ. माहेश्वर तिवारी ने कहा कि डा. अनुपम के मुक्तक संभावना से सार्थकता तक की यात्रा के साक्षी हैं। निश्चित रूप से वह मुक्तकों के रूप में साहित्य की भावी पीढ़ी को एक रास्ता दिखा रहे हैं। मुख्य अतिथि व्यंग्य कवि डा. मक्खन मुरादाबादी ने कहा कि अनुपम के मुक्तक जीवन की धुकर-पुकर के मुक्तक हैं, जिन्हें उन्होंने पिया भी है और जिया भी है। विशिष्ट अतिथि केके गुप्ता रहे। संचालन नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने किया। शायर ज़िया जमीर ने कहा कि डॉ. अजय अनुपम का यह दूसरा मुक्तक संकलन देर तक याद रखा जाएगा। कवि राजीव प्रखर ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की। शायर डॉ. आसिफ हुसैन, कवयित्री डॉ. पूनम बंसल, डॉ. अंजना दास, राजन राज, ज्योतिर्विद विजय दिव्य, सुशील शर्मा आदि ने भी डॉ. अजय को बधाई दी।

गणित के सवालों में उलझे परीक्षार्थी, 1318 परीक्षाथियों में 23 गैरहाजिर

मुरादाबाद- सीबीएसई की शनिवार को हाईस्कूल की संस्कृत और इंटरमीडिएट में गणित की परीक्षा हुई। गणित के प्रश्नपत्र में परीक्षार्थी समीकरणों में उलझ गए। जिन्हें हल करने में काफी परेशानी हुई। हालांकि परीक्षार्थियों ने पूरा प्रश्नपत्र हल किया। जिले के 16 केंद्रों पर गणित की और तीन सेंटरों पर संस्कृत की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। इससे पहले परीक्षार्थी 9:45 बजे तक केंद्रों पर पहुंच गए। तलाशी के बाद परीक्षार्थी कक्षों में पहुंचे। जहां परीक्षार्थियों को उत्तरपुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र बांटे गए। 1:30 बजे पेपर छूटने के बाद केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशी थी, लेकिन कुछ मायूस भी नजर आए। बताया कि गणित का प्रश्नपत्र आसान नहीं था। समीकरणों ने काफी उलझाया। हालांकि, पूरा प्रश्नपत्र हल किया। सीबीएसई जिला कोऑर्डिनेटर शेफाली अग्रवाल ने बताया कि हाईस्कूल की संस्कृत की परीक्षा में 35 विद्यार्थी पंजीकृत थे सभी ने उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, इंटरमीडिएट में गणित विषय के 1318 परीक्षार्थियों में से 23 गैरहाजिर रहे, जबकि एप्लाइड गणित में 228 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

महफिल-ए-सिमां में कव्वालों ने बाधा समां

मुरादाबाद- शहर के मोहल्ला हाफिज बन्ने की पुलिया स्थित नोमान मंसूरी के आवास पर महफिल-ए-सिमां का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामपुर स्थित दरगाह हजरत खुरमा शरीफ के सज्जादानशीन सय्यद शाह मियां, सांसद डा. एसटी हसन और देहात विधायक हाजी नासिर कुरैशी रहे। महफिल-ए-सिमां में कव्वालों ने अपने कलाम पेश कर वाहवाही लूटी।

महफिल के अंत में नायब शहर इमाम मुफ्ती सय्यद फहद अली ने मुल्क में अमन के लिए दुआ कराई। इस मौके पर खानकाही एकता मिशन से दरगाह हजरत सुल्तान साहब के सज्जादानशीन अली नईम चिश्ती, दरगाह हजरत शाह मुकम्मल साहब के सज्जादानशीन शिबली मियां, सय्यद यूसुफ अली कुद्दूसी, असद मोलाई, मुफ्ती दानिश उल कादरी व हाजी सलाउद्दीन मंसूरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों पर शुरू हुआ एसआई कैडेट का आगमन, 12 मार्च से आमद

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश पुलिस पहली बार 8,682 महिला व पुरुष एसआई कैडेट को दरोगा का एक वर्षीय प्रशिक्षण एक साथ शुरू करने जा रही है। प्रदेश के 11 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में 13 मार्च से एसआई कैडेट का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। मुरादाबाद के तीन प्रशिक्षण केंद्रों पर शनिवार को 117 पुरुष व महिला कैडेट ने अपना आगमन दर्ज कराया। सभी की आमद रविवार से शुरू होगी। वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक के 9534 पदों का नोटिफिकेशन जारी किया।

एसआई के कुल पदों में से नागरिक पुलिस के 9027, प्लाटून कमांडर पीएसी में 484 व अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के 23 पद आरक्षित हैं। वर्ष 2021 में दारोगा भर्ती की परीक्षा संपन्न हुई। 2022 में परीक्षा परिणाम जारी हुआ। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का एक वर्षीय प्रशिक्षण 13 मार्च शुरू होने जा रहा है। पुलिस के 11 प्रशिक्षण केंद्रों पर 8,682 एसआई कैडेट दरोगा का प्रशिक्षण शुरू करेंगे। प्रशिक्षण से पहले शनिवार को डा. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में 64 पुरुष एसआई कैडेट ने आगमन दर्ज कराया। पुलिस अकादमी के एएसपी महेंद्र कुमार ने बताया कि एसआई कैडेट की आमद रविवार (12 मार्च) से दर्ज होगी। शनिवार को 64 एसआई कैडेट पुलिस अकादमी पहुंचे। सभी का आगमन दर्ज किया गया है। 13 मार्च को पुलिस अकादमी के अधिकारी कैडेट से परिचय प्राप्त करेंगे। 14 मार्च से दारोगा का एक वर्षीय प्रशिक्षण विधिवत शुरू होगा। पीटीसी के डिप्टी एसपी रामअवतार सिंह यादव ने बताया कि शनिवार को 47 पुरुष एसआई कैडेट ने पीटीसी में अपना आगमन दर्ज कराया। जबकि पीटीएस के डिप्टी एसपी देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शनिवार को कुल छह महिला एसआई कैडेट का आगमन दर्ज हुआ। रविवार से सभी की आमद दर्ज की जाएगी।

रिक्रूटों का आवंटन

प्रशिक्षण केंद्र	रिक्रूटों की संख्या
1-पुलिस अकादमी मुरादाबाद -	804
2- पीटीसी मुरादाबाद -	1202
3- पीटीसी सीतापुर -	851
4- ईपीटीसी सीतापुर -	846
5-पीटीसी उन्नाव -	811
6- पीटीएस गोरखपुर -	564
7- ईपीटीसी मिर्जापुर -	766
8-पीटीएस जालौन -	397
9- पीटीएस सुल्तानपुर - महिला	689 रिक्रूट
10- पीटीएस मेरठ -	781
11- पीटीएस मुरादाबाद-	971

होली के बाद बुखार, खांसी और सांस के बढ़े मरीज

मुरादाबाद- शनिवार को जिला अस्पताल में ओपीडी 12 बजे बंद, मरीज परेशान, गंभीर मरीजों की इमरजेंसी वार्ड में जांच की गई, वायरल इंफेक्शन से बचाव को मास्क का प्रयोग जरूरी होली के बाद बुखार, खांसी-जुकाम और गले से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ जुटी रही। वहीं, दूसरा शनिवार होने के कारण अस्पताल की ओपीडी 12 बजे बंद कर दी गई। जिस कारण देरी से पहुंचे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, गंभीर मरीजों की इमरजेंसी वार्ड में जांच की गई। शनिवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। 1000 मरीजों ने ओपीडी में दिखाया। मेडिसिन में सर्वाधिक 400 मरीजों ने परामर्श प्राप्त किया। इसमें खांसी, जुकाम व बुखार के साथ-साथ सांस रोगियों की संख्या 200 से अधिक रही। बीपी और शुगर के 100 मरीजों ने जांच कराई। त्वचा से संबंधित बीमारी में 100 मरीजों ने दिखाया। इसके अलावा हड्डियों में दर्द, नेत्र और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि इन दिनों वायरल इंफेक्शन फैल रहा है। बचाव के लिए सबसे जरूरी है मास्क लगाए।

क्योंकि यह एक-दूसरे से फैलता है। इसके अलावा फास्ट फूड व तली भूनी चीजों से परहेज करें। पौष्टिक आहार का सेवन करें और अनावश्यक घर से बाहर न घूमे। उन्होंने बताया कि महीने के दूसरे शनिवार को 12 बजे तक ओपीडी चलती है। 12 बजे तक जिन मरीजों के पर्चे बन चुके थे। उन सभी को दवा देने के बाद ओपीडी बंद की गई। इसके अलावा जो गम्भीर मरीज थे । उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में देखा जा रहा है।

आज से अधिक रहेगा कल का तापमान, तेज धूप से बचने का करें प्रयास



मुरादाबाद- हर दिन तापमान बढ़ने का क्रम चल रहा है। होली के बाद तेज धूप से गर्मी बढ़ी है। हालांकि हवा से थोड़ी राहत मिली है। लेकिन दोपहर में धूप पसीना निकाल रही है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने तेज धूप से बचने की सलाह दी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 12 डिग्री रहा। रविवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 32 डिग्री हो जाएगा। दोपहर में तेज धूप से बचने और अपने साथ पीने का पानी लेकर चलने की सलाह विशेषज्ञ दे रहे हैं। जिससे पसीना निकलने से डिहाइड्रेशन की स्थिति न आए। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र का कहना है कि मार्च में अभी तापमान और बढ़ेगा। इसलिए गर्मी से बचने के लिए उपाय करें।

अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ जैसे शिकंजी, नीबू पानी, लस्सी, छाछ का सेवन करें। जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। वहीं बालरोग विशेषज्ञ डा. राजेंद्र कुमार ने धूप से बच्चों को बचाने की सलाह दी है। कहा बहुत जरूरी होने पर ही बच्चों को दोपहर में घर से बाहर लेकर जाएं। सिर ढककर रखें। सीधी धूप से बचाएं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

वार्षिक गृह परीक्षा की तैयारी में न बरतें शिथिलता, बीएसए ने दिया निर्देश

मुरादाबाद-बेसिक शिक्षा परिषद के जिले के 1408 स्कूलों में पढ़ने वाले दो लाख से अधिक छात्र-छात्राओं की कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक गृह परीक्षा 20 मार्च से कराने की तैयारी में शिक्षक और शिक्षाधिकारी जुटे हैं। बीएसए ने इसमें कोई शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया है। 15 मार्च को छपाई कराकर 18 से इसका वितरण स्कूलों में खंड शिक्षाधिकारियों की निगरानी में होगा। सचिव बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल के द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार कक्षा एक से आठ तक के

कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा कराई जानी है। जिला स्तर पर कक्षा एक से पांच और कक्षा छह से आठ तक के प्रश्नपत्रों को बनाने के बाद इसकी छपाई 15 मार्च तक छपाई कर 18 को स्कूलों में खंड शिक्षाधिकारी की निगरानी में स्कूलों में पेपर पहुंचेगा। वार्षिक गृह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:30 से दिन में 11:30 बजे तक और दूसरी पाली में 12:30 से 2:30 बजे तक 20-24 मार्च तक कराई जाएगी। जबकि 26-30 तक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कर 31 मार्च को रिपोर्ट कार्ड का वितरण सभी स्कूलों में किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह का कहना है कि सचिव के द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार वार्षिक परीक्षा कराने के लिए प्रबंध किए जाएंगे। इसमें कोई शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया है। वह स्वयं इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। खंड शिक्षाधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को इस अनुरूप कार्य करना है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

इसौली में पारंपरिक तीज मेला का जलेसर विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जनपद एटा के विकास खंड अवागढ़ के गाँव इसौली में सैकड़ों वर्षों से पारंपरिक रूप से होली के बाद तीज के दिन मेला का आयोजन होता चला आ रहा है। जिसे तीज मेला इसौली के नाम से मशहूर मेला माना जाता है। इस मेले की धमक जनपद एटा और आस पास के जिलों के अलावा अलीगढ़, मेरठ, कानपुर, इलाहाबाद और मुम्बई तक है। दूर दूर से दुकानदार इसौली आकर तीज मेला में अपनी अपनी दुकानें लगाते हैं। मेला में तीन चार तरह के झूले भी लगाए जाते हैं। जलेसर क्षेत्र के ग्रामीण भारी संख्या में इस मेले में सहभागिता करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र का मशहूर मेला होने के कारण भारी भीड़ होने के चलते पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। मेले में बूढ़ों, बच्चों, पुरुषों और महिलाओं का भारी जनसैलाब उमड़ा दिखाई दिया। मेला में सकरौली पुलिस ने काफ़ी मशक्कत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी। जगह जगह रखी जलेबियाँ मेले की शोभा बढ़ा रही थीं। बंशी वाले मन्दिर में पूरे दिन भजन कीर्तन चलता रहा लोकगायक जुगेन्द्र फक्कड़ ने भजन कीर्तन और लोकगीतों से शमां बांध दिया। तीज मेला इसौली का जलेसर के स्थानीय विधायक संजीव दिवाकर ने वंशी वाले मन्दिर पर फीता काटकर शुभारंभ करते हुए हजारों साल पुराने बंशी वाले मन्दिर में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। विधायक संजीव दिवाकर के साथ आए गणमान्य लोगों का क्षेत्रीय लोगों ने फूल मालाएँ पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर के साथ भाजपा के पूर्व एमएलसी प्रत्येन्द्र पाल सिंह पप्पू भैया, रेलवे बोर्ड सदस्य रमेश पाल सिंह रामूजी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा सचिन उपाध्याय, अवागढ़ चेयरमैन महेश पाल सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश सरानी, मण्डल अध्यक्ष भाजपा नवीन दीक्षित, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अरविन्द पाल सिंह पप्पू जी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल प्रताप सिंह बना जी, राजबीर प्रधान, शिवम शुक्ला, पवन पाठक, अंशू हिन्दू, पुष्पेन्द्र बघेल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

सम्मान की पात्र हैं भारतीय महिलाएं -डॉ0 सुनीता सक्सेना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अधिवक्ता परिषद जिला इकाई एटा की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड एटा पर संपन्न हुई। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण, वैधानिक, उपचार एवं आवश्यक प्रयास ,विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की मुख्य अतिथि एटा की समाज सेविका डॉ0सुनीता सक्सेना पूर्व प्राचार्य रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य मिश्रा एडवोकेट ने की। विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र शर्मा एडवोकेट, संध्या भारती एडवोकेट रहे, कार्यक्रम का संचालन हिमांशु ने किया। इस अवसर पर जिला शासकीय अधिवक्ता रेशपाल सिंह राठौर, जिला विशेष लोक अभियोजक अधिकारी डकैती प्रवेश भारद्वाज एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज कुमार एडवोकेट, देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट ,श्रीमती सरिता एडवोकेट, सीमा वाष्णेय रही। इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण के लिए अतिथि संध्या भारती एडवोकेट ने कहा कि नारियों को कानून की जानकारी भी अत्यंत आवश्यक है उन्होंने धारा 354 को विस्तृत रूप से उसका वर्णन किया ।और पुलिस डायल 112 नंबर 1090 नंबर महिला हेल्पलाइन के बारे में भी अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जानकारी दी। इस अवसर पर प्रवेश भारद्वाज एडवोकेट ने कहा कि महिला शक्ति और सशक्तिकरण तभी संभव है जब हम एकजुट होकर समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध करें, और उसके लिए सुधार हेतु प्रयास भी करें। वरिष्ठ अधिवक्ता और कार्यक्रम के अतिथि सुभाष चंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखने के लिए हमें लगातार प्रयास जारी रखने होंगे, इसी के साथ हमारे समाज में किसी भी प्रकार की व्याप्त कुरीतियों को दूर करना होगा ,और भारतीय संस्कृति के परिपेक्ष में उनको विस्तार से समझना होगा, और उसकी व्याख्या करनी होगी,तब हम आज विश्व महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण की बात सही से कह पाएंगे, कार्यक्रम के वरिष्ठ अधिवक्ता डीजीसी क्रमिनल रेषपाल सिंह राठौर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण आज का मुख्य विषय है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि हम सबको मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों से लड़ना होगा और इनको दूर करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता परिषद ब्रज क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की आयोजित गोष्ठी में हम नारी शक्ति सशक्तिकरण पर बात कर रहे हैं, जो एक संगीन विषय है। भारतीय नारियों को कानून की ठीक से जानकारी होनी चाहिए,छात्र जीवन से ही कानून के बारे में बालिकाओं को जानकारियां दी जाएं तो उनका होने वाला भविष्य में उत्पीड़न रुक सकता है। न्यायपालिका और कार्यपालिका मिलकर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए कार्य करती है फिर भी लगातार आयोजन महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाएं समाचार पत्रों के माध्यम से देखने और सुनने को मिलती हैं जो बड़ी दुखद होती है। कार्यक्रम में उपस्थित अलका गुप्ता ,साधना त्रिपाठी ,जागृति चतुर्वेदी, गरिमा शर्मा, अंजली गुप्ता एवं स्कूल की सैकड़ों छात्राओ ने कार्यक्रम में भाग लिया।

सीबीसीआईडी की टीम ने खंगाले बालकराम हत्याकांड से जुड़े दस्तावेज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-बालकराम हत्याकांड में जांच के लिए वगत दिवस को सीबीसीआईडी की टीम एटा पहुंचे। इस हत्याकांड से जुडे कई दस्तावेजों की तलाश की। कई दस्तावेज तो मिल गई, लेकिन कुछ नहीं मिल सके है। दो दिन से यह अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। जानकारों की मानें तो कुछ अहम दस्तावेज नहीं मिल पा रहे है। शुक्रवार को आगरा से सीबीसीआईडी टीम के दो अधिकारी जिला मुख्यालय पर पहुंच गए। पहले तो उन्होंने कलक्ट्रेट पर पहुंचे। यहां पर बालकराम से जुड़े हुए मजिस्ट्रेटी जांच संबंधी कागजों की तलाश की। काफी समय यहां पर रुकने के बाद पूरे दस्तावेज नहीं मिल सके। यहां से टीम पुलिस कार्यालय पर पहुंच गई। करीब दो घंटे तक पुलिस कार्यालय पर टीम ने दस्तावेजों को खंगाला। सूत्रों की मानें तो अभी तक टीम को वह सभी जरुरी कागज नहीं मिल पाए है जिनकी जरुरत है। उस समय पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई भी देखी जा रही है। इस मामले में पोस्टमार्टम की सीडी पहले ही गायब हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी तलाशी जा रही है। बालकराम का दो बार पोस्टमार्टम हुआ था। दोनों रिपोर्टों में क्या भिन्नता थी यह भी जांच का विषय है। जब दो बार पोस्टमार्टम हुआ तो कोई चोटें मिली या नहीं। अगर चोटे थे तो किस तरह की थी। इन सभी तथ्यों को देखा जा रहा है। मालूम हो कि मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर इस मामले की जांच कराई जा रही है। इसमें शीघ्रता से जांच पूरी कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए थे।

श्री कृष्ण रास लीला के साथ हुआ होली मिलाप

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-खण्डेलवाल मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित शहर के जनप्रतिनिधि सहित प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में हुए शामिल खण्डेलवाल युवा संघ एवं खण्डेलवाल वैश्य समिति द्वारा हिन्दु समाज में एकजुटता, सदभावना और भाईचारा लाने के लिए खण्डेलवाल होली मिलन समारोह शनिवार को लावण्या रिसोर्ट, में सम्पन्न हुआ। जिसमें मण्डल भर के जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस मौके पर श्री कृष्ण रास लीला एवं विभिन्न सांसकृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विद्यार्थियों के मनोबल बढ़ाने के लिए मेधावी सम्मान समारोह तथा टैलेन्ट राउन्ड इत्यादि आयोजित हुए, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों ने विजेताओं को पुरूस्कृत किया।
होली मिलन कार्यक्रम के दौरान सभी ने बड़े प्रेम से एक दूसरे से होली मिली और युवाओं ने अपने बड़ों का आर्शीवाद लिया। इस मौके पर संजीव अग्रवाल, कैंट विधायक, डाक्टर अरूण कुमार, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभार, संतोष गंगवार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सांसद डा. एम.पी.आर्य, विधायक नवाबगंज, डा उमेश गौतम, महापौर बरेली, प्रो. श्यामबिहारी लाल, विधायक, फरीदपुर बरेली, मौजूद रहे। प्रमुख आयाजको में डा. विनय खण्डेलवाल, केसीएमटी, हर्ष खण्डेलवाल, दिलीप खण्डेलवाल, राजेश खण्डेलवाल, अंशुल खण्डेलवाल, कपिल खण्डेलवाल, रामकेश्व खण्डेलवाल, राजू खण्डेलवाल,मोहित खण्डेलवाल, विकास खण्डेलवाल आदि रहे मौजूद रहे।

होली के त्योहार की उपयोगिता जाने-श्रीमती किरन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एस्ट्रो व्यूटी थैरेपी के तत्वावधान में शान्ति नगर कार्यालय पर होली कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सभी आयुवर्ग की सखियों ने जमकर होली खेली अर्थात एक दूसरे ने आपस में सौभाग्य रंगों से उबटन किया ।टेसू, कटेरी एवं ज्योतिष पदार्थों से घुलें पानी से जमकर नहाया गया।इस अवसर पर एस्ट्रो व्यूटी थैरेपी की निदेशक किरन ने बताया कि होली के उत्सव में नवयोवन बनने का तरीका छिपा है, जिसे हम पिछले 5 बर्षों से खोज रहे हैं। कहानियां मे होली को अग्नि देवता के वरदान को हम विशेष जानकारी के रूप में मानते हैं, जैसे आज सखी नवयोवन पाने को फेशियल करातीं हैं।हम अखिल भारतीय सांस्कृतिक होली कार्यक्रम पर परिस्थितिजन्य शोध कार्य कर रहे हैं।हम निश्चित ही कुछ समय में होली यौवनावस्था तकनीकी से परचित हो जायेंगे। इस अबसर पर श्रीमती राममूर्ति देवी ने बताया कि देसी जडीबुटी या अपनी संस्कृति में छिपी तकनीक को खोजने में किरन पूरी निष्ठा से प्रयत्नशील है।इस अबसर पर रंजना, मंजू, सीता, पूनम, रिचा, ज्योति,सुरभि, अंजली, पल्लवी, मोना ,विधी ,नंदनी, रिया आदि सखियाँ एवं डा.रविंद्र सिंह, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के आवश्यकता है
डेली अखबार
सभी जिलो में व्यूरो ,स्थानीय रिपोर्टर ,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच
9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

तमंचे के बल पर लूटा मोबाइल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- जलाली चौकी अंर्तगत गांव अलहदादपुर में बाइक सवार युवक पर बदमाश ने तमंचा तानकर मोबाइल, नगदी व कागजात लूट ले मामले में दो गांव के व दो अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी गई है। हरदुआगंज-गांव अहलदादपुर के अमित पुत्र चंद्रपाल सिंह बताया कि की वह पनैठी से घर लौट रहा था। गांव के पास पार्क निकट पहुंचा, पार्क के पास चार युवक खड़े थे। बाइक उनके बराबर में आते ही एक बदमाश ने चलती बाइक में लात मारकर अमित को गिरा लिया। तमंचा तानकर जेब में रखा मोबाइल, 200 रुपये लूटकर भाग गए। अमित ने अलहदादपुर के दो युवक व दो अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। आरोपितों में एक गैंगस्टर में दर्ज अपराधी बताया गया है। एसएचओ ब्रजपाल सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

ग़रीब बच्चों के मसीहा बने गिरजा शंकर पंत

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली-मां सरस्वती की असीम कृपा से एस0के0 पब्लिक स्कूल में कार्यरत रसायन विज्ञान के प्रवक्ता गिरजा शंकर पंत के द्वारा सी0बी0एस0ई, बोर्ड में कक्षा- 12 वीं के रसायन विज्ञान का गैस पेपर बनाया जिसमें कुल 25 प्रश्न दिए जिनमें से 22 प्रश्न परीक्षा में आ गए। प्रवक्ता गिरजा शंकर पंत विगत 15 वर्षों से रसायन विज्ञान की शिक्षा बच्चों को दे रहे हैं। वे कमजोर और दुर्बल वर्ग के बच्चों को प्रत्येक दिन विद्यालय के बाद नि:शुल्क ऑनलाइन पढ़ाई भी करवाते हैं। उनके पढ़ाए हुए बच्चे आज भारतीय सेना, इंजीनियर, डॉक्टर व अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्री पंत का मानना है ।यह सब मां सरस्वती की प्रेरणा दायक शक्ति से हो रहा है। उनका मानना है कि शिक्षक हमारे समाज के लिए एक रोल मॉडल की भूमिका अदा करता है। इसलिए एक शिक्षक होने के नाते यह हमारा परम कर्तव्य है। श्री पंत की इस उपलब्धि एस0के0 पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य ब्रजेश भट्ट, कुन्दन वाणी एवं साथी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उन्हें बधाई दी है।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा चलाया गया गाँव गाँव जाकर आपकी पार्टी आपका गांव अभियान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जनपद एटा में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा चलाया गया गाँव गाँव जाकर (आपकी पार्टी आपका गांव) अभियान आपको बता दें जनपद में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज एटा के मिशन कंपाउंड में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के द्वारा चलाया गया अभियान मिशन कंपाउंड में मोहम्मद इरफान एडवोकेट पीसीसी द्वारा लगाए सरकार पर सादा सीधा निशाना कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा चला एक विशेष अभियान जिसमें कांग्रेस का मान ना है कांग्रेस सिर्फ़ शहर की पार्टी

बन कर रह गई है कांग्रेस पार्टी का कहना है कांग्रेस है जन जन की पार्टी इस लिए कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ द्वारा गाँव में चलाया अपना आपकी पार्टी आपका गाँव का अभियान महँगाई और ब्रोज़गारी के लिये भी उत्तर प्रदेश कांग्रेश कमेटी सदस्य पीसीसी इरफ़ान एडवोकेट

सीसीटीवी कैमरे में होगी मुलाकात साथ ही मिलने आने वाले लोगों की मोनीटरिंग भी की जाएगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-सीसीटीवी कैमरे में घरवालों की मुलाकात होगी साथ ही मिलने आने वाले लोगों की मोनीटरिंग भी की जाएगी। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव के जेल पहुंचने के बाद पहले से ओर ज्यादा सख्ती कर दी गई है। हालांकि शुक्रवार को कोई भी मिलने नहीं आया है। बता दें कि लूट, छेड़खानी, पिटाई के मामले में सपा नेता जुगेन्द्र सिंह यादव को गुरूवार को जेल भेजा गया था। नगर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद उन्हे जेल भेजा था। इन्हें बैरक में रखा गया है। इनके पहुंचने के बाद सख्ती ओर बढ़ा दी गई है। जिला जेल में इनसे मिलने आने वाले प्रत्येक मुलाकाती की मॉनिटरिंग की जाएगी। सामान्य बंदियों के तरह ही इनकी भी मुलाकात कराई जाएगी। हालांकि पहले दिन कोई भी इनसे नहीं मिलने पहुंचा है।

पुराने मकान की छत गिरी एक की मौत तीन घायल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- देर रात पुराने मकान की छत गिरी एक की मौत तीन घायल, दो घायलों बच्चों का मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी एक 32 वर्षीय महिला को हायर सेंटर किया गया रेफर, रिश्तेदारी में आई 20 वर्षीय सोनम पुत्री कालीचरण की हुई मौत, सुमन पत्नी संजय को गंभीर हालत में हायर सेंटर किया गया रेफर ,देर रात पूर्णागिरि से यात्रा कर लौटे थे घर वापस, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को मेडिकल कॉलेज भेजा, कोतवाली देहात के अंतर्गत गांव चीलासनी का पूरा मामला

रामप्रकाश महेरे जी पूर्व नगर संचालक आर एस. एस. का बीमारी के चलते निधन
